__/__/___

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date -  Class - VI
Subject - Hindi Language Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद - 6

## अपठित गद्यांश

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

यह पाठ 'अपठित गद्यांश' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 31 अक्तूबर, 2022 को भेजा जाएगा।

बच्चो! आज इस पाठ में हम अपठित गद्यांश करेंगे।

अपठित का अर्थ है 'जो पहले पढ़ा न गया हो' + गद्यांश (गद्य का अंश) अर्थात् गद्य का ऐसा अंश, जिसे पहले न पढ़ा गया हो। ऐसा गद्यांश देकर उस पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें रचनात्मक कौशल व समझने की योग्यता का विकास होता है। साधारणत: हम पाठ्यपुस्तकों के गद्यांशों को पढ़ते व समझते हैं, जिससे गद्यांशों को समझने व उनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने की योग्यता का विकास होता है। इस योग्यता को और अधिक विकसित करने व सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए अपठित गद्यांश का अभ्यास करवाया जाता है।

बच्चो! अपठित गद्यांश को करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।

(क) दिए गए गद्यांश को दो-तीन बार ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date- Class- VI
Subject- Hindi Language Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

(ख) पूछे गए प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ही ढूँढकर अपने शब्दों में लिखने चाहिए।
(ग) प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में तथा सरल भाषा में देने चाहिए।
(घ) यदि गद्यांश का शीर्षक पूछा जाए तो ध्यान रखना चाहिए कि शीर्षक संक्षिप्त और सटीक होना चाहिए। उसका सीधा संबंध विषय-वस्तु के साथ होना चाहिए।

बच्चो! आज हमने अपठित गद्यांश के बारे में समझ लिया है। अब मैं आपको एक अपठित गद्यांश करवाऊँगी।

भारत अपनी चित्रकला, शिल्पकला और वास्तुकला के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। आगरा में यमुना तट पर स्थित ताजमहल वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना है। यह विश्व के सात अजूबों में से एक है। सफ़ेद संगमरमर से बने ताज के अनुपम सौंदर्य को देखकर सभी लोग दाँतों तले उँगली दबा लेते हैं। ताजमहल का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने करवाया था। इसका निर्माण लगभग बीस हजार मज़दूरों ने बीस वर्षों में किया था। ताजमहल के प्रवेश-द्वार पर लाल पत्थर लगे हैं, जिन पर कुरान की आयतें खुदी हुई हैं। ताज के गुंबद और मीनारें दूर से ही दिखाई देते हैं। ताजमहल संगमरमर के एक भव्य चबूतरे पर बना है। इसके चारों कोनों पर संगमरमर की चार मीनारें हैं। शरद पूर्णिमा की चाँदनी रात में

Scanned with CamScanner

Date -                Class - VI
Subject- Hindi Language          Page - 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

ताजमहल ऐसा प्रतीत होता है, मानो दूध से नहाया हो। अपनी सुंदरता और कारीगरी के कारण ही यह पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

(क) भारतवर्ष दुनिया में किसके लिए प्रसिद्ध है?
(ख) ताजमहल का निर्माण किसने और कहाँ करवाया था?
(ग) विश्व में कितने अजूबे हैं?
(घ) ताजमहल के प्रवेश द्वार की क्या विशेषता है?
(ङ) ताजमहल पूरी दुनिया में क्यों प्रसिद्ध है?

नोट :- बच्चो! आप इस गद्यांश को दो तीन बार ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे और फिर इसके प्रश्नों के उत्तर स्वयं सोच समझकर अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे। आशा है आपको आज का पाठ अच्छे से समझ आ गया होगा।

धन्यवाद।

Last page.

Scanned with CamScanner